CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 185 ▫ रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मेकाहारा के इमरजेंसी वार्ड में लगी आग

### धुआं फैलने के बाद मचा हड़कंप, मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीम



**रायपुर, 28 जुलाई (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के जेल रोड स्थित भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय (मेकाहारा) में मंगलवार को बड़ी घटना हो गई है. अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में आग लग गई है. घटना से मरीजों और प्रबंधन में हड़कंप मच गया है. दमकल वाहने मौके पर पहुंच गई है।

जानकारी के मुताबिक, मेकाहारा के केजुअल्टी वार्ड में दोपहर के वक्त आग लग गई. खबर फैलते ही मरीजों और अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया है. सूचना के बाद दमकल वाहने मौके पर पहुंच गई है. फिलहाल आग लगने के कारण सामने नहीं आया है। मोदहापारा पुलिस भी सूचना के बाद घटनास्थल पहुंची, जिसके बाद ब्लोअर की मदद से वार्ड से धुआं हटाया जा रहा है. राहत की बात रही कि घटना में किसी की भी हताहत होने की खबर नहीं है. समय रहते सभी मरीजों को इमरजेंसी वार्ड से सुरक्षित निकाल लिया गया है. वहीं एसी या मॉनिटर में ब्लास्ट के बाद आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

# दो सड़क हादसों में तीन की मौत

**बस्तर/मनेन्द्रगढ़/दंतेवाड़ा, 28 जुलाई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी कड़ी में तीन जिलों में सोमवार-मंगलावर को हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। बस्तर में डंपर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई और मनेन्द्रगढ़ में कार की टक्कर से गिरी महिला को विद्युत विभाग की गाड़ी ने कुचल दिया, तो वही दंतेवाड़ा में ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई।**

## टिप्पर की टक्कर से बाइक सवारों की मौत

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के जगदलपुर-चित्रकोट मुख्य मार्ग पर सोमवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। बड़ांजी थाना क्षेत्र के अंतर्गत छापर भानपुरी के पास तेज रफ्तार टिप्पर ने पीछे से एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक सवार अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे टिप्पर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बड़ांजी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए



मेडिकल कॉलेज डिमरापाल, जगदलपुर भिजवाया। मृतकों की पहचान छापर भानपुरी निवासी पीलाराम कश्यप और जीरो राम के रूप में हुई है।

बड़ाजी थाना प्रभारी राजेश राठौर ने बताया कि करमगुड़ा प्राथमिक स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने छापर भानपुरी निवासी पिलाराम कश्यप (28) और उसके साथ बाइक पर सवार जीरो कश्यप (31) को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

## विद्युत विभाग की गाड़ी ने महिला को कुचला



**मनेन्द्रगढ़।** शहर के कॉलेज रोड पर एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ सड़क पार कर रही एक महिला दोहरे हादसे का शिकार हो गई। पहले एक ओमनी कार ने महिला को ठोकर मारी, जिससे वह सड़क पर गिर गई। इसके ठीक बाद पीछे से आ रहे विद्युत विभाग के एक वाहन ने सड़क पर गिरी महिला को बेरहमी से कुचल दिया। इस भीषण हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह पूरी घटना कॉलेज रोड पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि महिला सामान्य रूप से सड़क के किनारे खड़ी कर थी, तभी अचानक ओमनी कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। कार कि ठोकर से महिला सड़क के किनारे जा गिरी। इससे पहले कि आस-पास के लोग कुछ समझ पाते या महिला खुद को संभाल पाती, पीछे से आ रहे बिजली विभाग के वाहन का पहिया उसे कुचलता हुआ निकल गया। परिजनों में कोहराम घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से लहूलुहान हालत में महिला को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन अत्यधिक खून बह जाने और गंभीर चोटों के कारण महिला ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया है और अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई।

## बीती देर रात एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया

दंतेवाड़ा में सातधार-नकुलनार मार्ग पर मसेनार के पास बीती देर रात एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा रात करीब 12 बजे हुआ। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रेलर पलटने से मार्ग पर करीब डेढ़ से दो घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। बताया जा रहा है कि ट्रेलर बेंगलुरु से बचेली की ओर जा रहा था और उसमें एनएमडीसी का भारी कन्वेयर बेल्ट लोड था। हादसे के बाद यह बेल्ट सड़क पर गिर गया, जिससे मार्ग पूरी तरह जाम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल यातायात व्यवस्था संभालते हुए मार्ग को बहाल करने की कार्रवाई शुरू की। मंगलवार सुबह हाइड्रा मशीन की मदद से पलटे हुए ट्रेलर और सड़क पर गिरे कन्वेयर बेल्ट को हटाया गया, जिसके बाद यातायात फिर से सुचारु रूप से शुरू हो सका।

## ब्रेकिंग न्यूज

### संसद परिसर में प्रधान की किसी सुपरस्टार की तरह स्वागत करना शर्मनाक हैः प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली, 28 जुलाई (न्यूज चैनल)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने संसद परिसर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ सांसदों द्वारा पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का स्वागत किए जाने को लेकर मंगलवार को सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधा और कहा कि प्रधान का किसी सुपरस्टार की तरह स्वागत किया जाना शर्मनाक है। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में यह आरोप भी लगाया कि सरकार छात्रों का दमन करना चाहती है। उन्होंने कहा, सभी ने देखा कि किन परिस्थितियों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दिया, लेकिन अगले ही दिन संसद परिसर में उनका ऐसा स्वागत किया गया, मानो वह कोई सुपरस्टार हों।







चूहा- सुनती हो, सुप्रीम कोर्ट कह रहा है शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठीचार्ज सही नहीं..!
चुहिया- हां जी, वो तो सभी जानते है..! शांतिपूर्ण नहीं था तभी तो बवाल खड़ा हुआ है।

## पीएम मोदी का वीडियो हटाने पर मेटा ने मांगी माफी, कहा- तकनीकी गड़बड़ी से हुई थी गलती; सरकार ने किया था तलब

**नई दिल्ली, 28 जुलाई (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक फेसबुक वीडियो को कुछ समय के लिए हटाए जाने का मामला अब गंभीर रूप ले चुका है। मेटा ने इस घटना पर सरकार से माफी मांगते हुए स्वीकार किया है कि वीडियो किसी नीति उल्लंघन की वजह से नहीं, बल्कि एक तकनीकी गड़बड़ी के कारण गलती से हट गया था। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि जैसे ही गड़बड़ी का पता चला, वीडियो को दोबारा प्लेटफॉर्म पर बहाल कर दिया गया।



सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार इस पूरे मामले को हल्के में नहीं ले रही है। संबंधित विभाग यह पता लगाने में जुटे हैं कि आखिर किस वजह से प्रधानमंत्री के आधिकारिक वीडियो को हटाया गया और मेटा की ओर से दी गई तकनीकी खराबी की सफाई कितनी सही है। बताया जा रहा है कि इस मामले में मेटा के प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को स्पष्टीकरण के लिए बुलाया जा सकता है। मेटा के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा कि संबंधित कंटेंट गलती से हट गया था और अब उसे पूरी तरह बहाल कर दिया गया है। कंपनी ने इस घटना के लिए खेद भी जताया है। जानकारी के अनुसार, मेटा के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर यह वीडियो भारत में कुछ समय के लिए दिखाई देना बंद हो गया था। बाद में प्रतिबंध हटने के बाद यह फिर से सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध हो गया।

## पुलिस कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, नाबालिगों और बिना आपराधिक रिकॉर्ड वालों को रिहा करने के आदेश

**नई दिल्ली, 28 जुलाई (न्यूज चैनल)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में हुए छात्र आंदोलनों के दौरान पुलिस की कथित ज्यादती के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अंतरिम आदेश जारी किया है। अदालत ने 18 वर्ष से कम उम्र के ऐसे छात्र प्रदर्शनकारियों को रिहा करने का निर्देश दिया है, जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। साथ ही, पात्र छात्रों के खिलाफ किसी भी तरह की जबरन कार्रवाई पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं।



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि छात्रों पर पुलिस की कथित ज्यादती के आरोप प्रथम दृष्टया निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग करते हैं। अदालत ने कहा कि पूरे मामले की पारदर्शी जांच के लिए आगे चलकर स्वतंत्र समिति या विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन पर भी विचार किया जा सकता है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने उन सभी राज्यों को निर्देश दिया, जहां प्रदर्शन हुए थे, कि सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन रिकॉर्डिंग, बॉडी कैमरा फुटेज, वायरलेस संचार रिकॉर्ड, पीसीआर लॉग और अन्य इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए। अदालत ने यह भी कहा कि प्रदर्शनकारियों से जुड़ा डिजिटल डेटा सुरक्षित रखा जाए, लेकिन उसे सार्वजनिक न किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जबरन कार्रवाई से राहत केवल उन छात्र प्रदर्शनकारियों को मिलेगी, जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। अदालत ने कहा कि यह सुरक्षा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर लागू नहीं होगी। पीठ ने दिल्ली सरकार को दर्ज एफआईआर की जांच जारी रखने की अनुमति दी, लेकिन कहा कि सुनवाई पूरी होने तक पात्र छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई जबरन कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## जापान के क्यूशू इलाके में आया 7.1 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

**नई दिल्ली, 28 जुलाई (न्यूज चैनल)।** भूकंप के बाद जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने 1 मीटर (3.28 फीट) ऊंची लहरों वाली सुनामी की चेतावनी जारी की है। जापान सरकार ने दक्षिणी क्यूशू द्वीप के कुमामोटो, नागासाकी, कागोशिमा, फुकुओका, सागा, ओइता और मियाजाकी प्रांतों के लिए आपातकालीन भूकंप चेतावनी जारी की है। मौसम एजेंसी ने लोगों को समुद्र और तटों से दूर रहने की सलाह दी है। जापान दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। यहां कम से कम हर पांच मिनट में भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। जापान प्रशांत महासागर के चारों ओर फैले ज्वालामुखियों और



समुद्री गर्तों वाले क्षेत्र रिंग ऑफ फायर में स्थित है। दुनिया में 6.0 या उससे ज्यादा तीव्रता वाले भूकंपों में से करीब 20 फीसदी जापान में आते हैं। क्यूशू इलेक्ट्रिक पावर ने कहा कि भूकंप के बाद उसके सेंडाई और जेनकाई परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में किसी तरह की गड़बड़ी की कोई सूचना नहीं है। ट्रेन संचालक जेआर क्यूशू ने बताया कि भूकंप के बाद उसने अपनी सेवाएं रोक दी हैं। इसमें हाई-स्पीड शिंकानसेन ट्रेनें भी शामिल हैं।

**चीन के छिंगहाई प्रांत में 20 मिनट के भीतर आए दो भूकंपः** इससे पहले, चीन के एक दूरदराज प्रांत में भी मंगलवार सुबह करीब 20 मिनट के अंतराल में दो भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि चीन के छिंगहाई प्रांत में सुबह 11 बजकर 16 मिनट और 11 बजकर 34 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनकी तीव्रता क्रमशः 5.7 और 5.8 थी। दोनों भूकंप जमीन से 10 किलोमीटर (6 मील) की गहराई पर आए। भूकंप से किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

## खाट पर सो रही 8 साल की मासूम को सांप ने डसा अस्पताल ले जाते समय मौत, गांव में पसरा मातम

**जांजगीर-चांपा, 28 जुलाई (हाईवे चैनल)।** जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम कामता में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। घर के अंदर खाट पर सो रही 8 वर्षीय मासूम बच्ची को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम कामता का है। जानकारी के अनुसार, मिलन यादव की 8 वर्षीय बेटी प्रिया यादव रात करीब ढाई बजे घर के अंदर खाट पर सो रही थी। इसी दौरान एक जहरीला सांप घर में घुस आया और बच्ची को नाभि के पास डस लिया। दर्द से बच्ची की चीख सुनकर परिजन जाग गए। कमरे की लाइट जलाने पर सांप दिखाई दिया, जिसके बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन बच्ची को तत्काल



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरौद लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल जांजगीर रेफर किया गया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया। बरसात के मौसम में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में लोगों से घर और आसपास साफ-सफाई रखने, सोने से पहले बिस्तर की जांच करने तथा सांप दिखाई देने पर उसे पकड़ने की कोशिश न कर संबंधित विभाग को सूचना देने की अपील की जा रही है।

## महतारी वंदन वृक्षारोपण अभियान 2.45 लाख महिलाएं करेंगी पौधारोपण

### सेल्फी अपलोड करने पर मिलेगा ऑनलाइन सर्टिफिकेट

**बालोद, 28 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य पहली बार 30 जुलाई को 'महतारी वंदन वृक्षारोपण अभियान' आयोजित किया जाएगा. इस अभियान को सफल बनाने के लिए बालोद जिले में तैयारियां अंतिम चरण में हैं. कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं और अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के प्रयास में जुटे हैं. जिले में महतारी वंदन योजना की 2 लाख 45 हजार से अधिक लाभान्वित महिलाओं के साथ-साथ अन्य महिलाओं की भी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक महिला अपने घर, आंगन या उपयुक्त सार्वजनिक स्थल पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम का हिस्सा बने. विशेष बात यह है कि महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे. अभियान में करीब सवा दो लाख पौधे वन विभाग की नर्सरियों से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि बालोद जिले में 2 लाख 45 हजार से अधिक पौधे रोपे जाएंगे, जिसको लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है. उन्होंने कहा कि बालोद के पर्यावरण पार्क को पौधे रोपण के लिए चुना गया है. जनप्रतिनिधियों द्वारा भी आम नागरिक से अपील की जा रही है ताकि इस मुहिम को सफल बनाया जाए. इसके अलावा आधिकारिक वेबसाइट mybalod.com पर नागरिक पौधे के साथ ली गई अपनी फोटो या सेल्फी अपलोड कर सकेंगे और ऑनलाइन प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट) भी डाउनलोड कर सकेंगे। कलेक्टर ने बताया कि अब तक 2 लाख से अधिक गड्ढे खोदे जा चुके हैं और पौधों की आपूर्ति भी संबंधित स्थानों तक पहुंचा दी गई है। बालोद जिले के 440 से अधिक ग्राम पंचायतों में 2 लाख पौधों का वितरण भी किया जा चुका है।

## टूटा अस्थायी पुल बढ़ी मुसीबत

## जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंच रहे मासूम

### 1.87 करोड़ की लागत से बन रहे नए पुल के बीच वैकल्पिक पुल बारिश में बहा सैकड़ों ग्रामीण और छात्र-छात्राएं संकट में, 7-8 किमी अतिरिक्त सफर की मजबूरी

**धमतरी 28 जुलाई (हाईवे चैनल)।** नगरी विकासखंड के गणेश घाट से देउरपारा पहुंच मार्ग पर निर्माणाधीन पुल के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। करीब 1.87 करोड़ की लागत से नए पुल का निर्माण कार्य जारी है। इसके लिए पुराने पुल को हटाकर अस्थायी पुल बनाया गया था, लेकिन लगातार हो रही बारिश और तेज बहाव के कारण वह भी क्षतिग्रस्त होकर बह गया। इससे इस मार्ग पर आवागमन लगभग ठप हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ रही है। पुल टूट जाने के बाद बच्चे बहते पानी के बीच जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचने



को मजबूर हैं। कई स्थानों पर पुल के बीच गहरा कटाव हो गया है, जिससे हर कदम पर हादसे का खतरा बना हुआ है। कई अभिभावक अपने छोटे बच्चों को गोद में उठाकर किसी तरह रास्ता पार करा रहे हैं। यह स्थिति ग्रामीणों की मजबूरी और प्रशासनिक उदासीनता दोनों को उजागर करती है। इस मार्ग से जुड़े दो स्कूलों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ने आते हैं। पुल टूटने के बाद कई बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं, जबकि कुछ अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें स्कूल भेजना ही बंद कर दिया है। जिन परिवारों के पास दूसरा रास्ता है, उन्हें रोजाना 7 से 8 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात शुरू होने से पहले यदि पुल निर्माण कार्य समय पर पूरा कर लिया जाता या मजबूत वैकल्पिक व्यवस्था की जाती तो लोगों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से तत्काल सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने, निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा विद्यार्थियों और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

CMYK